आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–23 अगस्त 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- सर्वोच्च न्यायालय ने आवारा कुत्तों को पकड़ने और उन्हें डॉग शेल्टर में भेजने के अपने पूर्व के आदेश में किया संशोधन। नसबंदी और टीकाकरण के बाद छोड़े जायेंगे कुत्ते।
- स्मार्ट नगर पालिका के रूप में विकसित होंगी जिला मुख्यालय वाली नगर पालिकाएं। नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिये निर्देश।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने की मुलाकात। शुभांशु के पचीस अगस्त को प्रस्तावित लखनऊ आगमन को लेकर भव्य स्वागत की तैयारियां तेज।
- प्रदेश के कई जिलों में अगले दो दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी। बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण कई नदियां उफान पर।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने आवारा कुत्तों को पकड़ कर डॉग शेल्टर में रखने के अपने ग्यारह अगस्त के आदेश में कल संशोधन कर दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ ने निर्देश दिया कि पकड़े गए आवारा कुत्तों को नसबंदी और टीकाकरण के बाद उनके इलाके में छोड़ दिया जाना चाहिए। हालांकि रेबीज से संक्रमित या आक्रामक व्यवहार वाले कुत्तों को नहीं छोडा जाएगा, उन्हें डॉग शेल्टर में भी अलग रखा जायेगा। शीर्ष न्यायालय की इस पीठ ने कहा कि आवारा कुत्तों को भोजन देने के लिए अलग से जगह बनाई जाएं और सार्वजनिक रूप से भोजन न दिया जाए। पीठ ने आवारा कुत्तों पर एक अखिल भारतीय नीति बनाने के लिए सभी केंद्र शासित प्रदेशों और राज्य सरकारों को पक्षकार बनाया है।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संसद के मानसून सत्र में पारित ऑनलाइन गेमिंग विनियमन विधेयक दो हजार पचीस को कल मंजूरी दे दी। यह विधेयक हानिकारक ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं पर प्रतिबंध लगाने के लिए लाया गया है। इस विधेयक के पास होने पर समाज के सभी वर्गों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर डी.आर. साहू ने कहा कि सरकार ने सही समय पर यह कदम उठाया है, जो समाज को एक सकारात्मक दिशा में ले जाएगा।

**युवा वर्ग खास तौर पर और जो भी लोग इसमें जुड़ जाते हैं वो एक प्रकार की नशा हो जाता है। इसको रोकने के लिए सरकार की जो नियम स्वागत योग्य है क्योंकि समाज में नियम जो है जो रूल्स ऑफ लॉ एस्टेब्लिश होता है तो उससे एक पाबंदी लगती है तो उस पाबंदी जो है वो सही समय पर लगा है और उसकी दुरूपयोग न हो और उससे हमारे युवा वर्ग और जो भारत एक विकसित भारत के रूप में पूरे विश्व में अपने को मजबूत करने की बात करते हैं तो इस तरह की डिस्ट्रैक्शन इस तरह की जो जो चीजें हैं जिससे कि हम विपथगामी न हो ये एक भारत के भविष्य के लिए स्वागत योग्य है।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक करते हुए जिला मुख्यालयों वाली नगर पालिकाओं को स्मार्ट नगर पालिका के रूप में विकसित करने की योजना का क्रियान्वयन प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। एक रिपोर्ट–

***समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्मार्ट–विकसित नगर पालिका योजना का उद्देश्य जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाओं को आधुनिक, आत्मनिर्भर और नागरिक–केंद्रित स्वरूप में विकसित करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना को हब–एंड–स्पोक मॉडल पर लागू किया जा सकता है। इससे नगर पालिकाओं को सुरक्षा, निगरानी और शिकायत निवारण जैसी सेवाओं में आधुनिकता मिलेगी तथा संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव होगा। समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।***

बैठक में मुख्यमंत्री ने इलेक्ट्रिक बसों को प्रोत्साहित करने और इसके लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर भी शीघ्र तैयार करने को कहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने लखनऊ में शहीद चंद्रशेखर आज़ाद अंतरराष्ट्रीय शूटिंग रेंज और बहुउद्देश्यीय खेल परिसर की स्थापना के भी निर्देश दिए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल शाम लखनऊ में परिवहन विभाग और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने प्रदेश में ई–बसों की खरीद में मेड इन यूपी को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा आगे से खरीदी जाने वाली बसें यथासम्भव उत्तर प्रदेश में ही निर्मित हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम राज्य के औद्योगिक विकास को गति देगा और स्थानीय स्तर पर राजगार के अवसर भी बढ़ायेगा। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यूपी रोडवेज प्रदेश के तेइस बस स्टेशनों को पीपीपी मॉडल पर विश्व स्तरीय टर्मिनल के लिये विकसित कर रहा है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज शाम गोरखपुर के मानबेला में दो कल्याण मण्डपम का लोकार्पण करेंगे। कल्याण मण्डपम अल्प और मध्यम आय वर्ग के लोगों के लिये उनके मांगलिक तथा सार्वजनिक कार्यक्रमों को कम खर्च में आयोजित करने के उद्देश्य से बनाये

गये हैं। गोरखपुर दौरे के दौरान मुख्यमंत्री कल पैडलेगंज स्थित गुरूद्वारा में पर्यटन विकास से जुड़ी दो करोड़ चौंतीस लाख रूपये की परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे।

**********

अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कल राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेंट की। ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने राष्ट्रपति के साथ अंतरिक्ष में अपने अनुभव साझा किए। शुभांशु शुक्ला का लखनऊ आगमन पचीस अगस्त को प्रस्तावित है। उनके भव्य स्वागत के लिये लखनऊ नगर निगम शहर के प्रमुख स्थानों पर स्वागत द्वार बनायेगा। वहीं जनेश्वर मिश्रा पार्क से सुबह साढ़े नौ बजे विशाल विजय यात्रा भी निकाली जायेगी।

लखनऊ के जिस स्कूल से शुभांशु शुक्ला ने शिक्षा ग्रहण की है, वहां के प्रबंधन द्वारा गोमतीनगर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, विद्यालय की डीन सुषमा राजकुमार ने बताया कि शुभांशु छात्र–छात्राओं के साथ संवाद भी करेंगे।

***बच्चे बहुत एक्साइटेड है तो बच्चे स्वागत के लिए रेडी है। एयरपोर्ट पे थोड़े बच्चे जाएंगे उनको रिसीव करने सोमती नगर के विस्तार में जो हमारा ऑडिटोरियम है वहां पर हम उनका स्वागत करेंगे। बीच में बच्चे रोड पे उनको वैट करेंगे उनका। अच्छे से स्वागत करेंगे और बैंड होगा, स्कूल बैस होगा, फ्लैग मार्च होंगे, वो सब होंगे पर अच्छे से वेलकम करके हम उनको ऑडिटोरियम में बिठाएंगे, उनका स्वागत होगा और वो बच्चों से इंटरैक्ट करेंगे और उनसे इंस्पिरेशन लेंगे।***

**********

उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो–यूपीआईटीएस दो हजार पचीस के सफल आयोजन को लेकर प्रदेश सरकार के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कल गौतमबुद्धनगर के इंडिया एक्स–पो–मार्ट में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में श्री सचान ने कहा कि सरकार का संकल्प उत्तर प्रदेश को वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में स्थापित करने का है। यूपीआईटीएस का आयोजन पचीस से उन्तीस सितम्बर तक ग्रेटर नोएडा में होगा।

**********

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने दिव्यांगजन को रोजगार से जोड़ने के लिए नई पहल करते हुए पांच अगस्त से तेरह अगस्त तक प्रदेश के सभी जिलों में एक विशेष अभियान चलाया था। इस अभियान के अंतर्गत दिव्यांगजन के लिए रोजगार मेलों का आयोजन कर उन्हें सेवायोजित कराया गया। इस विशेष अभियान और इसके परिणाम के बारे में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के निदेशक पुलकित खरे ने आकाशवाणी को बताया–

**सबसे पहले दिव्यांगजन विभाग से सूची प्राप्त करी गयी। सेवायोजन विभाग से कंपनियों की सूची प्राप्त करी गयी। इंडस्ट्रीज विभाग से ये देखा गया कि कितनी इंडस्ट्रीज इसमें प्रतिभाग कर सकती हैं। तो दिव्यांगजनों को उनकी आहर्ता के अनुसार, उनकी योग्यता के अनुसार नौकरियां दे सके। इसके बाद हर जनपद में छोटे और बडे स्तर पर रोजगार मेले करे गये। जो खास कर दिव्यांगजन के लिए थे। अभियान के दौरान कुल सात सौ बीस दिव्यांगजन भाई–बहनों को सिर्फ इस छोटी अवधि के अंतर्गत नौकरियां मिली। इसमें हर तरह की नौकरियां थी। कुछ नौकरियां कंपनियों द्वारा दी गयी। कुछ नौकरियां उन्होंने स्वंय बैंक की सहायता से लोन प्राप्त करते हुए और योजनाओं से जुड़ कर प्राप्त की।**

**********

प्रदेश के कई जिलों में हल्की से तेज बारिश के बीच मौसम का उतार–चढ़ाव बना हुआ है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक कहीं–कहीं भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस बीच, बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण राज्य की कई नदियां उफान पर हैं। बदायूं, अमरोहा और फर्रुखाबाद में गंगा, शाहजहांपुर में रामगंगा, बाराबंकी, अयोध्या तथा बलिया में घाघरा नदी और मथुरा में यमुना नदी खतरे के निशान के पास या उससे ऊपर बह रही है।

**********